पीपुल्स समाचार
1. 6. 2019

डीएवीवी में शहीदों के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

इसी शिक्षा सत्र से लागू होगी व्यवस्था, नोटिफिकेशन हुआ जारी

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9826428274

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी द्वारा देश के लिए अपनी जान देने वाले शहीदों की शहादत का सम्मान करते हुए यह फैसला लिया गया है कि आगामी शिक्षा सत्र में शहीद के परिवार के बच्चों की फीस माफ कर दी जाए। इसके तहत अब उन्हें यूनिवर्सिटी में पढ़ाने के दौरान किसी भी तरह की फीस नहीं देना होगी। इसके साथ ही सेना से रिटायर्ड और सेना में कार्यरत जवान के परिवार के बच्चों के लिए भी फीस का निर्धारण किया गया है।

यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. नरेंद्रकुमार धाकड़ ने बताया कि गत फरवरी माह में यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया था कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन भारतीय सेना में अपनी सेवा देकर



देश की सेवा करने वाले जवानों के परिवारों के प्रति सम्मान रखते हुए उनके परिवारों को निःशुल्क शिक्षा सुविधा देगा। इस संबंध में परिषद द्वारा भारतीय सेना में रहते हुए देश सेवा करते हुए जो जवान शहीद हुए हैं, उनके पुत्र और पुत्रियों के लिए यूनिवर्सिटी पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा सुविधा देगी। इस लिहाज से यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षा को पूरी तरह शुल्क मुक्त रखा गया है। ऐसे ही सेना से रिटायर्ड होने वाले सैनिकों के बच्चों की शिक्षा भी पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है, जबकि भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों के बच्चों के लिए 50 प्रतिशत की शुल्क मुक्ति की व्यवस्था लागू की है। इस आशय का नोटिफिकेशन भी यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा दो दिन पहले जारी किया जा चुका है। यह व्यवस्था यूनिवर्सिटी के शिक्षा सत्र 2019-20 से ही लागू कर दी गई है।

देश के सैनिकों की शहादत का हम सम्मान करते हैं और समय-समय पर जो भी सुविधा दी जा सकती है वो दी जाएगी, साथ ही बेहतर शिक्षा देने के लिए हम संकल्पित हैं।

-डॉ. नरेंद्रकुमार धाकड़, कुलपति

सीईटी की परीक्षा ऑनलाइन तो काउंसलिंग होगी ऑफलाइन

27 शहरों में बनाए परीक्षा केंद्र, तीन हजार से अधिक सीटें भरी जाएंगी

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9826428274

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) की तैयारियां लगभग अब अपने अंतिम दौर में हैं। पिछले महीने 20 मई से शुरू हुई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अब भी जारी है। इस बार परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों का आंकड़ा करीब 20 हजार तक पहुंचने की संभावना है। परीक्षा देश के 27 अलग-अलग शहरों के परीक्षा केंद्रों पर इसी माह के अंतिम सप्ताह में 23 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा जहां ऑनलाइन होगी, वहीं काउंसलिंग ऑफलाइन होगी।

यूनिवर्सिटी सीईटी परीक्षा सेल के अनुसार सीईटी परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों में से इस बार छह पुराने शहर हटाकर उनके स्थान पर छह नए शहर उदयपुर, छिंदवाड़ा, पुणे, हैदराबाद, अमृतसर व एक अन्य शामिल कर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार सीईटी 12 के बजाय 21 विभागों के लिए हो रही है। इन 21 विभागों में 62 कोर्स के साथ परीक्षार्थी को तीन हजार के लगभग सीटें मिलेंगी। सीईटी में इस बार मैथमेटिक्स, फिजिक्स, आईईटी विभाग को भी जोड़ा गया है, लेकिन अब तक मिले आंकड़े और रजिस्ट्रेशन बताते हैं कि इस बार इंटीग्रेटेड कोर्स की मांग अधिक है।

10 के बजाय 23 जून को हो रही परीक्षा

डीएवीवी द्वारा सीईटी परीक्षा का जो कार्यक्रम बनाया था वह 10 जून को कराए जाने का था, लेकिन चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने से पूरी कार्ययोजना प्रभावित हुई, जिसके चलते यूनिवर्सिटी अपनी तय समय सीमा से करीब 13 दिन लेट 23 जून को परीक्षा का आयोजन कर पा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सीईटी परीक्षा में करीब 17 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए थे।